## कांग्रेस कार्यालय पहुंचे भाजपाईयों और कांग्रेसियों की भीड़ हुई बेकाबू, राहुल और मोदी के पुतले फूंके

# भाजपा-कांग्रेस में ऐतिहासिक भिड़ंत, जमकर हुआ हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

शहर में रविवार को उस समय राजनीतिक माहौल अचानक गरमा गया, जब भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच आमना-सामना की स्थिति बन गई। कांग्रेस भवन घेराव के ऐलान के बाद शहर में तनावपूर्ण हालात बनते देख पुलिस प्रशासन ने पहले से ही व्यापक सुरक्षा इंतजाम कर दिए थे और संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी नाकाबंदी व अतिरिक्त बल तैनात किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस भवन की ओर बढ़े और रास्ते में लगाई गई तीन बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए सीधे कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंच गए। इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक, नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन हुआ, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण वातावरण बन गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल को स्थिति नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा ताकि दोनों पक्षों को अलग किया जा सके और कानून-व्यवस्था बनी रहे।सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस पक्ष ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने में पर्याप्त सख्ती नहीं बरती गई, जिसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने धरना प्रदर्शन भी किया। वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर दबाव की राजनीति बताया, जबकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पहले से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी गई थी।घटनाक्रम के दौरान कुछ स्थानों पर दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने की स्थिति कई बार बनी, जिससे पुलिस को लगातार मोर्चा संभालना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस ने त्वरित हस्तक्षेप कर भीड़ को अलग किया।

### पुलिस की रही जबरदस्त नाकाबंदी

भाजपा द्वारा कांग्रेस भवन घेराव के ऐलान के बाद प्रशासन की भारी-भरकम तैयारी सवालों के घेरे में आ गई। पुलिस की जबरदस्त नाकाबंदी और बैरिकेडिंग के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता तमाम बेरिकेडिंग तोड़ते हुए कांग्रेस भवन तक पहुंच गए, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खुल गई। कांग्रेस भवन के आसपास पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दावे किए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स अलर्ट पर रखी गई, लेकिन इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ताओं का कांग्रेस भवन तक पहुंच जाना प्रशासन की तैयारियों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और कांग्रेस भवन की ओर बढ़ते हुए बैरिकेडिंग तोड़ दी। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। वहीं कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर भाजपा कार्यकर्ताओं को नहीं रोकने का आरोप लगाया और इसके विरोध में थाने के सामने धरना दिया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसे प्रशासन की पक्षपातपूर्ण कार्यशैली बताते हुए कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई होती तो स्थिति नहीं बिगड़ती। प्रशासन की ओर से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं का कांग्रेस भवन तक पहुंच जाना सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक माना जा रहा है। दोनों दलों के आमने-सामने आने की स्थिति के बीच शहर में तनाव का माहौल बना रहा।



## कांग्रेस कार्यालय के पास भाजपा ने पुतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन

“इंडिया ए आई इम्पैक्ट समिट 2026” के दौरान युवा कांग्रेस द्वारा किए गए अर्धनग्न एवं अशोभनीय विरोध प्रदर्शन के खिलाफ जिला भारतीय जनता पार्टी, भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल, भाजपा युवा मोर्चा, भाजपा महिला मोर्चा सहित सभी आनुषंगिक संगठनों द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के नेतृत्व में राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी नीतियों एवं प्रदर्शनों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन



करते हुए पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं पर हमला किया गया जिसमें कुछ भाजपा की महिला नेत्री को चोटें भी आयी। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने ,विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि जब देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए आई) और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है, तब इस प्रकार का प्रदर्शन न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि विरोध का अधिकार सभी को है, किंतु विरोध की आड़ में देश को नीचा दिखाने के लिए अशोभनीय और अराजक विरोध किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास विकास और तकनीकी प्रगति के मुद्दों पर कोई ठोस एजेंडा नहीं है, इसलिए वे इस प्रकार के हथकंडों का सहारा ले रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए ऐसे कृत्यों की कड़ी निंदा की और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने आगे तीखा प्रहार करते हुए कहा “कांग्रेस अब एंटी-नेशनल कांग्रेस बन चुकी है। कांग्रेस एआई को ‘एंटी इंडिया’ साबित करने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी के निर्देश पर ये शर्मसार हरकतें की गईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को तुरंत सिर झुकाकर माफी मांगनी चाहिए, वरना जनता इन राष्ट्र-विरोधियों को सड़क पर सबक सिखाएगी।” शेषराव यादव ने कहा कि भाजपा सदैव सकारात्मक राजनीति और राष्ट्रहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे तकनीकी नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने में योगदान दें, न कि भ्रामक और अशोभनीय राजनीति का हिस्सा बनें। प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, जिला महामंत्री विजय पांडे, कमलेश उइके, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, राजू नंदवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, धर्मेन्द्र मिगलानी, भारत घई, जिला मंत्री शैलेन्द्र पटेल, श्रीमती नीलू निर्मलकर, श्रीमती स्मृति यादव, विजेन्द्र चौहान, दिन्शु यादव, कुबेर सूर्यवंशी, इन्द्रजीत पटेल, विवेक बिट्टू मंडराह, शिखर पांडे, शिवा सरसवार, पीयूष बत्रा, अतुल सराठे, पंकज मुंगिया, हरिओम यादव, राहुल बादशाह, हर्षवर्धन सोनी, पीयूष खुराना, नरेन्द्र विश्वकर्मा, अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, श्रीमती प्रीति बिसेन, श्रीमती अमिता बरैया आदि मौजूद रहे।

## विरोध में कांग्रेस ने कोतवाली थाना का घेराव कर पुलिस के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

छिन्दवाड़ाः- पुलिस का दोगला चेहरा एक बार फिर सामने आया है। भाजपा के गुंडों को संरक्षण देकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लाठियां



बरसाने वाली पुलिस वर्दी का मान भूल चुकी। सत्य व निष्ठा की शपथ अब शब्दों तक सीमित रह गई, क्योंकि वह भाजपा की कार्यकर्ता बनकर काम कर रही। पुलिस की सुरक्षा व संरक्षण में भाजपा के गुंडें तीन बैरिकेट्स पार कर कांग्रेस कार्यालय के सामने तक पहुंचे। उन्हें रोकने की बजाए पूरे पुलिसकर्मियों ने सुनियोजित ढंग से कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं पर हमला बोल दिया। ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई जिससे कई कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण गम्भीर रूप से घायल हुए। विरोध में कांग्रेस ने कोतवाली थाना का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस कार्यालय की सुरक्षा में खड़े कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने सोची समझी साजिश के तहत जानलेवा हमला किया, ताकि कार्यालय को असुरक्षित छोड़कर भाग जाए और भाजपा के गुंडे अपनी मनमानी करते हुए पूरी गुंडाई के साथ प्रदेश के अन्य कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ की है उसी तरह छिन्दवाड़ा के कार्यालय में भी कर सके, किन्तु कांग्रेस के निष्ठावान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा और भाजपा की पुलिस के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया। श्री ओकटे ने कहा कि कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने लाठियां खाकर अपने कार्यालय की सुरक्षा की और गांधीवादी विचाराधारा का परिचय दिया, किन्तु पुलिस ने अपनी वर्दी को कलंकित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार आती जाती रहेगी, लेकिन पुलिस को किसी भी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बनकर काम नहीं करना चाहिए। श्री ओकटे ने कहा कि कांग्रेस गांधी के विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है। लेकिन जब बात स्वयं के घर और परिवार के सदस्यों पर आती है तो हम नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की भाषा में जवाब देना भी जानते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस ने जो बर्ताव किया है वह बेहद घटिया और निंदनीय है इसका जवाब कांग्रेस पूरी ताकत के साथ भाजपा को भी देगी और पुलिस को भी जो भाजपा की कार्यकर्ता बनकर काम कर रही है। कांग्रेस कार्यालय की सुरक्षा में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अंबाड़ा–मोहन क्षेत्र में फिर शुरू हुआ अवैध कोयले का कारोबार, अब संकित, रज्जा और तेजाब ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



मोहन कालरी , अंबाड़ा क्षेत्र में एक बार फिर कोयले का अवैध कारोबार शुरू हो गया है । अब की बार संकित , रज्जा और तेजाब ने इस कारोबार का मोर्चा संभाला है । जिससे एक बार फिर इस काम में लगाए गए लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है । स्थानीय प्रशासन , पुलिस और वेकोलि प्रबंधन समय रहते नहीं जागा तो फिर कोई अनहोनी सामने आ सकती है ।

जिले के पश्चिमी अंचल में स्थित अंबाड़ा उपक्षेत्र में एक बार फिर अवैध कोयला कारोबार ने जोर पकड़ लिया है । बंद पड़ी ओपन कास्ट खदानों और पालाचौरई रेलवे साइडिंग से कथित तौर पर कोयला निकालकर टू व्हीलर, फोर व्हीलरों से ढुलाई की जा रही है । यह कोयला गुढ़ी , नजरपुर , जमकुंडा और उमरेठ क्षेत्र में संचालित अवैध ईंट भट्टों तक पहुंचाया जा रहा है । इस काम को अंजाम देने के लिए दिहाड़ी पर जिन लोगों को लगाया गया है , उनकी जान जोखिम में है । पिछले समय में हुई घटनाओं के बाद शासन - प्रशासन ने जो कार्रवाई की उसका खौफ अब खतम हो गया लगता है ।स्थानीय सूत्रों का दावा है , कि रात के अंधेरे में छोटे वाहनों से कोयला ढोया जाता है । पहले क्षेत्र के लोगों से कोयला निकलवाया जाता है । फिर उसे वाहनों के जरिए ईंट भट्टों तक पहुंचाया जाता है ।

आरोप यह भी है , कि इस अवैध कारोबार से जुड़े कुछ जिम्मेदार लोग ‘मंथली’ व्यवस्था के सहारे संरक्षण देते हैं, जिससे यह गतिविधि समय - समय पर बंद होकर फिर शुरू हो जाती है।क्षेत्रवासियों का कहना है , कि हादसों के बाद कुछ दिन सख्ती होती है , माहौल गरम रहता है तो गतिविधियां थम जाती हैं , लेकिन जैसे ही हालात सामान्य होते हैं अवैध उत्खनन और परिवहन फिर शुरू हो जाता है । सवाल उठ रहा है , कि आखिर बंद खदानों और साइडिंग क्षेत्रों से कोयला कैसे बाहर आ रहा है और इसकी निगरानी कौन कर रहा है ?अब मांग उठ रही है , कि एसडीएम परासिया , जिला प्रशासन और वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) पेंच - कन्हान क्षेत्र के अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई करें ।

## 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां हुई प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 19 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। इसे लेकर रविवार को सांसद बंटी विवेक साहू की प्रमुख उपस्थिति में महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज एवं वार्ड क्रंमाक 38 में दुर्गा उत्सव समिति मंदिर में विभिन्न समितियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठकों में सांसद बंटी विवेक साहू ने समस्त सामाजिक बंधुओं का उन्हें हर दम सहयोग दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया और इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में भी पूर्ण सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में पहली बार होने जा रहे 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की संपूर्ण जानकारी देते हुए महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज और विभिन्न सामाजिक समितियों के सामाजिक बंधुओं को आमंत्रण पत्र देते हुए इस महायज्ञ में सादर आमंत्रित किया।

## हैंडपम्प टेक्निशियन पर हमला करना पड़ा भारी आरोपी के खिलाफ 5 धाराओं पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत डूंगरिया में हैंडपम्प सुधारने के दौरान टेक्निशियन लाल सिंग ठाकुर पर हमला करना आरोपी को महँगा पड़ा । आरोपी के खिलाफ न्यूटन पुलिस ने 5 धाराओं पर मामला दर्ज किया है । गौरतलब है कि पी एच ई विभाग खिरसाडोह में हैंडपंप तकनीशियन के पद पर पदस्थ दिघावानी निवासी लाल सिंग ठाकुर इंजीनियर गिरीश वस्त्राणे के आदेश पर ग्राम पंचायत डूंगरिया (तीतरा) में हैंडपम्प सुधारने अपनी प्राइवेट टीम के साथ गया था ।



हैंडपम्प सुधारने के दौरान गांव का ही अजय चौधरी आया और अतिरिक्त 4 पाइप और डालने का दबाव बनाने लगा । उसे समझाया गया , कि हैंडपम्प की गहराई 25 फिट है और एक पाइप डाल दिया गया है , अतिरिक्त पाइप डालने की न जगह है और न ही आवश्यकता है । पर वह नहीं माना और जिद करने लगा । जब तकनीशियन ने पुलिस को बुलाने के लिए अपना मोबाइल निकाला तो आरोपी ने मोबाइल जमीन पर पटक दिया जिससे मोबाइल टूट गया , फिर आरोपी ने हैंडपम्प सुधारने में उपयोग होने वाला लिफ्टर उठाकर सिर पर मारने का प्रयास किया , लेकिन पीड़ति के द्वारा हाथ से रोकने के दौरान उसके दोनों हाथों में चोट आई है । पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर आरोपी अजय चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस ) की धारा 296(b) , 132 , 121(1) , 324(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर मामला जांच में लिया है ।



### विद्यार्थियों ने लिया वर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण

**छिंदवाड़ा।** कुंडाली कला विद्यालय मे छात्र और गांव के युवा किसान सतत वर्मी-कंपोस्ट एवं गौ-कृपामृत निर्माण का प्रशिक्षण ले रहे हैं एवं विद्यालय से केंचुआ और गो- कृपा अमृत प्राप्त कर स्वयं भी निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर रहे हैं।

## चरई डेम के पीछे से बेखौफ ढुल रही रेत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत चरई कलां में स्तिथ डेम के पीछे से बेखौफ रेत ढुल रही है । दिन हो या रात यहां से बेधड़क अवैध रेत का परिवहन हो रहा है । जिससे स्थानीय लोग भी परेशान है , लेकिन विवाद के चलते कोई भी आगे आकर बोलने को तैयार नहीं है ।परासिया विधानसभा क्षेत्र में जहां - जहां से भी नदियां गुजरती हैं वहां पर अवैध रूप से रेत निकालने का सिलसिला निरंतर जारी है । वहीं खनिज विभाग और राजस्व विभाग के लोग भी इसे रोकने निरंतर प्रयासरत हैं और जो पकड़ा रहे हैं उनपर कार्रवाई भी हो रही है , चरई क्षेत्र में इस कारोबार को अंजाम देने वालों का नेटवर्क इतना तगड़ा है , कि वे अभी तक अधिकारियों के राडार में नहीं आए हैं । जब - जब भी अधिकारी इस क्षेत्र में धर - पकड़ करने निकलते हैं , इन लोगों को पहले ही खबर हो जाती है । यहां डेम के पीछे ढोर नकान क्षेत्र से बेतहाशा रेत निकाली जा रही है । जो लोग रेत निकाल रहे हैं , उन्होंने अपने अपने अलग ठिये बना रखे हैं । कोई भी एक दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करता है ।

### संतोषी माता वार्ड व साईंधाम कॉलोनी में दहशत की दस्तक

# आधी रात ‘नकाबपोश गैंग’ का कहर, लाखों के जेवरात लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शहर की शांति को चीरते हुए बीती 21 फरवरी की आधी रात 12 से 15 अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने संतोषीमाता वार्ड, रानी दुर्गावती वार्ड एवं नागपुर रोड स्थित साईंधाम कॉलोनी में आतंक का तांडव मचाते हुए दहशत फैला दी। रात करीब 1:30 बजे से 4:00 बजे के बीच अलग-अलग स्थानों पर धावा बोलते हुए बदमाशों ने लूटपाट की सनसनीखेज वारदातों को अंजाम दिया। संतोषीमाता वार्ड स्थित वन विभाग के क्वार्टर में निवासरत कर्मचारी सुनील यदुवंशी के घर का मुख्य द्वार बदमाशों ने जबरन तोड़ दिया। घर में घुसते ही नकाबपोशों ने



सरिए से हमला कर सुनील यदुवंशी के पैर में गंभीर चोट पहुंचाई और परिवार को जान से मारने की धमकी देकर बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने उनकी पत्नी से शरीर पर पहने हुए सोने के जेवर जबरन उतरवाए। यहां तक कि कानों में पहने झुमकों के पेंच तक अपने हाथों से खोलकर लूट लिए। बदमाश एक सोने का हार, मंगलसूत्र, पायल, पैर पट्टी एवं झुमके सहित लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए।

### साईंधाम कॉलोनी में बैंक मैनेजर के फ्लैट का ताला तोड़कर नगदी पर हाथ साफ

इसी गैंग ने नागपुर रोड स्थित साईंधाम कॉलोनी में भी आतंक फैलाते हुए महाराष्ट्र बैंक सिवनी शाखा के मैनेजर संदीप नरोलिया के किराए के फ्लैट को निशाना बनाया। बदमाशों ने फ्लैट का दरवाजा तोड़कर भीतर रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय नरोलिया परिवार घर पर मौजूद नहीं था, जिसके चलते नुकसान का सही आकलन अभी नहीं हो सका है।

### तीसरे घर में घुसने की कोशिश नाकाम

साईंधाम कॉलोनी निवासी अमित डोंगरे के मकान में भी नकाबपोशों ने जबरन घुसने का प्रयास किया। बदमाशों द्वारा मुख्य द्वार तोड़े जाने की कोशिश के दौरान परिवार के सभी सदस्यों ने साहस दिखाते हुए अंदर से दरवाजे को मजबूती से थाम लिया और जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। प्रतिरोध से बौखलाए बदमाशों ने घर पर पथराव कर खिड़की के शीशे तोड़ दिए, लेकिन परिवार के हौसले के आगे उनकी एक न चली और वे मौके से भाग खड़े हुए। इसके अतिरिक्त साईंधाम कॉलोनी निवासी गणेश डोबले, सुभाष आहके एवं मनीष शर्मा के घरों में भी घुसने का प्रयास किया गया, हालांकि बदमाश अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। थाना प्रभारी अजय मरकाम के अनुसार पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा जल्द ही इस संगठित नकाबपोश गिरोह का पर्दाफाश कर आरोपियों तक पहुंचने का दावा किया गया है।

## पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, समस्या का अभी तक नहीं हुआ हल

# जलसंकट: एक सप्ताह से बंद पडा है पानी का हैडपंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

न.पा. दमुआ के निकाय क्षेत्र वार्ड न. 8 में हेण्डपंप लगा हुआ है जहां से लगभग 10-15 बस्ती के लोग पानी भरते है और पानी की आपूर्ति करते है । हेण्ड पंप का पानी स्वच्छ और स्वादिष्ट किसी भी प्रकार की दाल क्यों ना हो हेंण्ड पंप के पानी से चुडाने पर बेसन की तरह दाल बारिक हो जाती है मगर विगत सप्ताह से पानी का हेण्ड पप बिगडा है। और लोगो को पानी नसीब नही हो रहा है। पानी की भीषण समस्या मुह बाये खडी है पानी के लिए लोगो यहां वहां भटकना पड रहा है। किन्तु बिगडा हुए हेंडपंप नही सुधारा जा रहा है जिसके कारण आमजन मानस को पानी की समस्या से जूझना पड रहा है। जबकि बिगडे हुए हेण्डपंप की सूचना न.पा. के संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को भी कर दी गई है। परन्तु वर्तमान तक हेण्डपंप को नही सुधारा गया और नही ध्यान दिया गया खास बात तो यह कि न.पा. की अध्यक्ष स्वयं वार्ड नं. 8 की पार्षद है। फिर भी पानी जैसी मूलभूत समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है गर्मी के इस दौर में लोग पानी के लिए तरस रहे है।

## स्काउट गाइड के जनक लार्ड बेडेन पॉवेल का जन्म दिवस थिंकिंग डे के रूप में मनाया



**छिंदवाड़ा।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ छिंदवाड़ा द्वारा स्काउट गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्म दिवस को थिंकिंग डे के रूप में मनाते हुए सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र डाईट परिसर छिंदवाड़ा में मनाया गया ।कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल,स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, राज्य उपाध्यक्ष तुकाराम दुर्गे, उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान, मनोज आरपुरे,सचिव राजेंद्र सरवरे, डी ओ सी नरेंद्र कुमार शर्मा राजेंद्र सोनी अजय धुर्वे सहित स्काउट गाइड के प्रभारी एवं बच्चे ने सर्व प्रथम लार्ड पावेल एवं लेडी पॉवेल के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना की जिसने शांति सदभाव एवं एकता भाई चारे की बात कही गई। डी ओ सी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि आज वेडेल पावेल जयंती पर स्काउट गाइड के द्वारा क्लेप प्रोजेक्ट के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर सभी ने साफ सफाई की। कार्यक्रम में स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि आज हम स्काउट गाइड के जनक लार्ड बेडेन पॉवेल एवं लेडी पॉवेल के जन्म दिवस को थिंकिंग डे के रूप में मनाते हुए उन्हें याद कर रहे है।स्काउट गाइड अनुशासन एवं सेवाभाव के कार्यों से पहचाना जाता है।जिले में भी अनेकों सेवाभावी कार्य स्काउट गाइड के माध्यम से हो रहे जो प्रशंसनीय है राज्य उपाध्यक्ष तुकाराम दुर्गे ने कहा कि स्काउट गाइड वर्तमान में एक अन्तराष्टीय मंच बन चुका है। जो मित्रता समुदाय की भावना और सामजिक मुद्दो पर विचार विमर्श के लिए समर्पित है वर्ष 2026 में हम विश्व चिंतन दिवस के शताब्दी का पर्व मना रहे है।

## आई पी एस क्रिकेट क्लब में बढ़ई समाज अतिथि के तौर पर हुआ सम्मिलित



**छिंदवाड़ा।** स्थानीय शुक्ला ग्राउंड मे छिंदवाड़ा प्रीमियर क्रिकेट लीग के तृतीय दिवस में श्री विश्वकर्मा बढई समाज विकास समिति जिला छिंदवाड़ा के समस्त पदाधिकारी को आईपीएस क्रिकेट क्लब परतला द्वारा आमंत्रित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष श्री सुमरन लाल विश्वकर्मा जी, के साथ सचिव डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा, सह सचिव शरद राजोरिया , उपकोषाध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा,मुरलीधर विश्वकर्मा, तुकेश विश्वकर्मा ,सतीश विश्वकर्मा ,युवा अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, युवा उपाध्यक्ष आकाश मालवीय, नगर सचिव डीपी मालवीय,रमेश विश्वकर्मा , एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए । जिसमें श्री सुमरन लाल जी विश्वकर्मा द्वारा आईपीएस क्रिकेट क्लब परतला के प्रमुख श्री बबलू विश्वकर्मा पार्षद जी, श्री खेलवाड़ी जी एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त कर समस्त खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की ।

## साहित्य, शिक्षा संस्कृति ही देश को बनाती है मजबूत

**सौंसर।** प्रगतिशील लेखक संघ जिला इकाई छिंदवाड़ा के तत्वावधान में 'सामाजिक न्याय दिवस' के अवसर पर एक गरिमामयी वैचारिक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। विख्यात कथाकार दिनेश भट के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार डॉ. बाबूलाल दाहिया उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रांतिकारी कवि एस.आर. शेंडे ने की,बहुमुखी प्रतिभा के धनी पद्मश्री डॉ. बाबूलाल दाहिया ने भाषा, साहित्य और संस्कृति के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की मजबूती के लिए इन स्तंभों का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। उन्होंने किसान, मजदूर, दस्तकार और युवाओं की वर्तमान दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को प्रगतिशील, तर्कशील और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, तभी समाज का वास्तविक कल्याण संभव है। अध्यक्षीय संबोधन में कवि एस.आर. शेंडे ने सामाजिक आर्थिक विषमता पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सदियों से हमारा समाज धार्मिक कट्टरता और भेदभाव का दंश झेल रहा है। महात्मा ज्योतिबा फुले, कबीर, रविदास, बाबासाहेब आंबेडकर और पेरियार जैसे महापुरुषों ने जिस न्यायपूर्ण समाज का सपना देखा था, उसे पूरा करना ही आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस अवसर पर सर्वश्री गोवर्धन यादव, हेमेंद्र कुमार राय, चंदन अयोधि 'दिनेश भट, सचिन वर्मा, ओमप्रकाश नयन, श्रीमती अनु कामोने ने विभिन्न विधाओं में गीत, गजल और कविताओं का पाठ किया।

## प्रधानमंत्री की 'मन की बात' से गूँजा कुकडीखापा

**सौंसर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें संस्करण को रविवार को ग्राम कुकडीखापा में अत्यंत उत्साह के साथ सुना गया। बूथ क्रमांक 75 पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के विचारों को श्रवण किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम मात्र नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में जनभागीदारी को सुदृढ़ करने वाला एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री जी द्वारा साझा किए गए प्रेरक प्रसंग समाज के अंतिम व्यक्ति तक सकारात्मकता और कर्तव्यबोध पहुँचाते हैं। स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की प्रेरणा इस कार्यक्रम से हर नागरिक को मिलती है।इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,भाजपा नेता मोरेश्वर मर्सकोले,सदन साहू, गगन घटकड़े, किसनू ऊइके,मोतीलाल महोबे, मनीष कवरेती, जगजीवन टेकले,अर्जुन पटेल,पंचम साहू, के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## श्रीमती मीलाबाई माधवरावजी रंगारे रिधोरा का निधन

**हरिभूमि न्यूज: सौंसर।** ग्राम रिधोरा निवासी एवं कौटिल्य एकेड़मी भोपाल छिंदवाड़ा के संचालक राहुल रंगारे की माताजी श्रीमती मीलाबाई माधोरावजी रंगारे 80 का रविवार सुबह 9 बजे निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।उनका अंतिम संस्कार सोमवार 23 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके पैतृक ग्राम रिधोरा के मोक्ष धाम में किया जाएगा, दिवंगत श्रीमती रंगारे लंबे समय से बीमार चल रही थी।वे अपने पीछे पुत्र राहुल रंगारे, पुत्र वधु विजयश्री रंगारे,पुत्री चंदाताई मोटघरे, संघमित्रा - दशरथजी गजभिये, रेवती प्रभाकर



नागदवने,पौत्रः असित,आरव रंगारे के अलावा भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्रीमती मीराबाई रंगारे के निधन पर भारतीय बौद्ध महासभा सौसर,समता सैनिक दल,रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल,माधवराव रंगारे,वेलफेयर सोसाइटी रिधोरा, तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा, बौद्ध युवक यूवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर आदि के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।

## वॉलीबॉल में बेटियों ने लहराया परचम, बनी मध्यप्रदेश चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा की शेरनी बेटियों पर गर्व है उनका जज्बा उनके साहस, शक्ति और गौरव को दर्शाती है। हमारी बेटियां, उनके पास ऊँची उड़ान भरने के हौसले होते हैं, और वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। हम बेटियों के जज़्बे, प्रेम और सशक्तिकरण को सेल्यूट करते हे डॉ सुशील पटवा ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि सिंगरोली में आयोजित 46 मध्यप्रदेश सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता महिला वर्ग में छिंदवाड़ा की जांबाज बच्चियों ने शानदार प्रदर्शन कर, ग्वालियर, शहडोल, सिंगरोली, रीवा को हराकर कर फाइनल में पहुंची , खिताबी भिड़ंत में छिंदवाड़ा की बेटियों ने शानदार खेल दिखाते हुए नर्मदापुरम को 3,,1 सेट से पराजित कर मध्यप्रदेश वॉलीबॉल सब जूनियर व चैंपियनशिप का ताज अपने नाम किया छिंदवाड़ा की ओर अनन्या, पीहू उईके शांनवी यादव, ओर आराध्या का खेल उत्कृष्ट रहा, *सब जूनियर वॉलीबॉल सिंगरोली,, महिला वर्ग में छिंदवाड़ा टीम



को फाइनल जीतने पर कोटिश बधाई, विशेष तौर पर कोच संजय बामने, सेजल, मैनेजर दीनदयाल यादव ओर जमील खान को छिंदवाड़ा वालीबाल संघ के अध्यक्ष शेषराव यादव, अनुरोध शर्मा, रवि भाऊ , दिलीप वर्मा, आर हांफी , अनिल चंद्रेश्वर, राधा आशीष पांडे ने पूरी टीम को सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

## संत गाडगे महाराज मूर्ति स्थापना एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज

जुन्नारदेव। रजक धोबी समाज के आराध्य संत श्री गाडगे महाराज के 150 में जन्म उत्सव के अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 3 बावली तामिया रोड पर संत गाडगे महाराज मूर्ति स्थापना कार्यक्रम एवं 150 व जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री संत शिरोमणि गाडगे महाराज समिति जुन्नारदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर दोपहर 12:00 बजे मूर्ति स्थापना कार्यक्रम संपन्न होगा इसके पश्चात समाज की होनहार प्रतिभाओं का सम्मान के साथ-साथ वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा भोजन प्रसाद आदि का कार्यक्रम आयोजित होगा समिति ने समस्त सामाजिक बंधुओ से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## कलश यात्रा के साथ ग्राम सूखाखैरी में महा विष्णुयज्ञ का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी में बीते हुये शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। बताया जाता है कि ग्राम सूखाखेरी में 45 वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन में अनेक संत पधार रहे है। यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या मे धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित होकर यज्ञ शाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है। यज्ञ मे प्रतिदिन देव पूजन, हवन,आरती आदि धार्मिक आयोजन हो रहे है। बीते हुये शुक्रवार को रात्रि मे बुंदेली कथा वाचक विपिन बिहारी महाराज का आगमन हुआ। उनके आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका ढ़ोल बाजे के साथ आत्मीय स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज मे सनातन धर्म से जुड़े कार्य निरंतर होते रहना चाहिए। ग्राम सूखाखैरी मे श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन होना पुनीत कार्य है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यज्ञ के आयोजन से सम्पूर्ण क्षेत्र का माहौल धर्ममय हो जाता है और यज्ञ स्थल की भूमि धन्य हो जाती है। हमारे जीवन मे सदाचार का होना जरुरी है क्योंकि अच्छे आचरण ही जीवन को सफल बनाता है। यहाँ उल्लेखनीय है कि यज्ञ मे प्रतिदिन दोपहर एवं रात्रि के समय प्रवचन होते है। इसके अलावा यज्ञ स्थल के पास प्रसाद एवं धार्मिक सामग्री की दुकाने भी लगी है। यज्ञ मे आने जाने वाले श्रद्धालुओ के



वाहनों के लिए व्यवस्थित वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी है। इसके अलावा शुद्ध पेयजल, भोजन, प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी यज्ञ समिति द्वारा की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों की ड्यूटी यज्ञ परिसर मे लगाई गई है। यज्ञ मे प्रवचन हेतु स्वामी स्वरुपाचार्य महाराज, सदानंद सरस्वती महाराज, अंकुश महाराज के आलवा राजीव लोचन दास महाराज, सुश्री प्रभा भारती द्वारा भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा।

## दादा गुरू महाराज का भौरझिर हुआ आगमन, विधायक विश्वनाथ पटैल ने पूजन करते हुये लिया आशीर्वाद







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कलयुग काल में इस पृथ्वीलोक पर माँ नर्मदाजी के साक्षत मौजूद रहने की बात पुराणों में दर्ज बताई जाती है। इसी का परिणाम है कि माँ नर्मदाजी अपने भक्तों के संकटों को हरण करने में देर नही करती है। यही परिणाम है कि अनेक लोग माँ नर्मदाजी की परिक्रमा करते हुये देखे जाते है। मगर इस तरह के भक्त बिरले ही देखने मिल सकते है जो पैदल चलने के साथ मात्र नर्मदाजी के जल को अहार के रूप में ग्रहण करते हुये लगातार आठ बार माँ नर्मदाजी की परिक्रमा पर पैदल निकले हुये है। इस तरह के भक्त के रूप में दादा गुरू सरकार के रूप में देखने मिल रहे है। बताया जाता है कि मां नर्मदा जी के अनन्य भक्त ऐसी दिव्य मूर्ति जो 5 वर्षों से निराहार है सिर्फ मां नर्मदा जी का जल ग्रहण करते हुये पैदल परिक्रमा पर निकले हुये दादा गुरू महाराज का शनिवार को ग्राम भौरझिर में आगमन हुआ। इस दौरान क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल द्वारा उनका स्वागत करते हुये पूजन अर्चन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया। माँ नर्मदाजी के भक्त दादा गुरु सरकार माँ नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं, जो एक अद्भुत और प्रेरणादायक यात्रा है। वह पिछले कई वर्षों से निराहार हैं और केवल नर्मदा जल पर जीवित हैं। उनकी यह चौथी नर्मदा परिक्रमा है और उनका लक्ष्य 2028 तक आठ बार नर्मदा परिक्रमा करने का बताया जा रहा है। दादा गुरु सरकार का कहना है कि नर्मदा परिक्रमा करना उनके लिए एक साधना है, जो उन्हें मूल शक्तियों का परिचय कराती है। वह नर्मदा संरक्षण और संवर्धन के लिए काम कर रहे हैं और लोगों को जागरूक करने के लिए पदयात्रा कर रहे हैं। दादा गुरु का जीवन त्याग, तपस्या और मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण है। बताया जाता है कि उन्होंने हमेशा समाज को प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उनके उपदेश हमें बताते हैं कि यदि हम अपने जीवन में सदाचार, परिश्रम और ईश्वर भक्ति को अपनाएं, तो हमारा जीवन सफल और सार्थक बन सकता है। इस तरह अपनी चौथी परिक्रमा के दौरान दादा गुरू माँ नर्मदाजी के लिंगा से होते हुये ग्राम भौरझिर आगमन होने पर लोगों ने दर्शन करते हुये आर्शीवाद लिया। रात्रि विश्राम के बाद आज संत महाराज ग्राम घघरौला से होते हुये कोठिया से निकलकर ग्राम नरवारा पहुंचेगे जहां पर रात्रि विश्राम के उपरांत कल आगे की ओर रवाना होगे।

## मंडी परिसर बना गिट्टी व्यापारियों की दुकानदारी का अड्डा, नियम विरूद्व खड़े किये जा रहे ट्रक

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां नगर की जवाहर कृषि मंडी का निर्माण किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये किया गया है जिसमें अपना अनाज बेचने के लिए आने वाले किसानों को अपने वाहन खड़े करने के साथ साथ अन्य सुविधाएं मिल सके। मगर इस समय देखा जा रहा है कि मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत के चलते जहां गिट्टी का व्यापार करने वालों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए यहां से गिट्टी की दुकानदारी की जा रही है। वही दूसरी अनेक वाहन मालिकों द्वारा मंडी परिसर में अपने वाहन खड़े करते हुए मंडी परिसर को पार्किंग स्थल बना डाला है..? इस प्रकार से मंडी परिसर को गिट्टी का कारोबार करने वालों द्वारा जिस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है वही समझ से परे जान पड़ रहा है? इस बात का आज तक पता नही चला है कि आखिर में मंडी परिसर में गिट्टी के व्यापारियों द्वारा किसकी अनुमति से यहां पर गिट्टी रखते हुए अपना व्यापार किया जा रहा है। मगर इस प्रकार से मंडी परिसर का उपयोग अन्य दूसरे कार्यों में करना निश्चित तौर से जहां मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत की ओर संकेत देते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से अन्य लोगों द्वारा मंडी परिसर का दुरूपयोग किये जाने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कई टीन शेड एवं चौड़ी सड़को एवं प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है, मगर नगर की मंडी में अक्सर देखने को मिल रहा है कि रात्रिकालीन समय में सैकड़ो की संख्या में निजी ट्रक एवं अन्य वाहन वहां पर पार्किंग होते है, जिसे देखकर ऐसा महसूस होता है ।

## तहसीली व पंचायती कर्मचारियों की अनुपस्थिति कर रही ग्रामीणों को परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ सिहोरा/बोहानी।** ग्राम पंचायत सचिव और पटवारी दोनो ऐसे कर्मचारी है जिनकी ग्राम मुख्यालयों पर उपस्थिति अपेक्षित रहती है। परंतु दुर्भाग्य है कि दोनों की उपस्थिति अपने मुख्यालयों मे नही होती है और आम ग्रामीण उनसे मिलने के लिए उनका घर ढूंढते फिरते है, पटवारियों और सचिवों के पास एक से अधिक गांव और ग्राम पंचायतें सौंपी गई है, पटवारियों के हल्का मे 3 से 5 गांव तक रहते है। वही ग्राम पंचायत सचिवो की कमी के चलतें भी कुछेक सचिवों को एक से अधिक ग्राम पंचायतों का काम सौंपा गया है, पटवारी व सचिव ज्यादातर शहर मे ही निवास करते जहां अपने बच्चों का भविष्य संभालने में लगे हुए है? वही दूसरी ओर देखा जाता है कि जब किसी ग्रामीण का इन से कोई काम पड़ता है तो उन्हें ग्रामीण जन उनको खोजते हुए परेशान हो रहे है? इन कर्मचारियों को निश्चित दिवसों पर मुख्यालयों पर जाना होता है, पटवारी अपने हल्का मे किस दिन को मिलेंगे इसकी जानकारी ग्राम पंचायत भवन मे सार्वजानिक रूप से लिखी होती है और आम ग्रामवासी भी इससे अनभिज्ञ रहता है। बावजूद इसके अक्सर पटवारी हल्का मे उपस्थित नही होते वे किसी न किसी बहाने से अपने घरों पर ही बैठकर काम करते है, जिसके कारण ग्रामवासी उन्हे ढूंढते हुये परेशान होते हुये देखे जाते है। वही यही स्थिति कुछ हद तक ग्राम सचिवो की है? जो ग्राम सचिव की अनुपस्थिति के कारण क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायत का काम भी आगे नही बढ़ पाते। क्योंकि सही मायाने में देखा जावे तो अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंच अशिक्षित होने के साथ साथ आरक्षण के चलते महिलाए है। इसके कारण वे ग्राम पंचायत सचिव पर ही निर्भर रहते है, परंतु यदि सचिव की उपस्थिति नही है तो वह काम भी नही कर पाता है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो खेती बाड़ी के कार्यो सहित अन्य जरूरी कामों के लिए लोगों को पटवारियों की आवश्यकता आम ग्रामवासियों को हर पल रहती है। हर किस्म के कार्य के लिये पटवारी महत्वपूर्ण होता है यही कारण है कि पटवारी का अभाव उन्हे परेशान करता है। मगर गाडरवारा तहसील के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों व हल्का केन्द्रों पर पटवारियों व पंचायत सचिवों की इस प्रकार की मनमानी तथा शहरों में निवास करने के लोभ के चलते ग्रामीवासियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्षेत्र के लोगों द्वारा अपेक्षा है कि राजस्व विभाग को इस दिशा मे कार्यवाही करनी चाहिये ताकि आम व्यक्तियों को परेशानी कम हो सके।

## महंगाई के साथ बीमारियां बिगाड़ रही लोगों के घरों का बजट गरीब व मध्यम वर्ग को रोजी रोटी चलाना हो रही मुश्किल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

पिछले कुछ वर्षो से लगातार बढ़ रही महँगाई के साथ साथ कोरोना वायरस के बाद मानों अन्य प्रकार की नई बीमारियों ने पूर्णरूप से विकराल रूप धारण कर शहर के गरीबो, मध्यमवर्गीय लोगों का तो जीना मुश्किल ही कर दिया है। मौसम के मीजाज साथ ही चहुँओर व्याप्त गंदगी, खान पान की चीजें बाजार में शुद्ध न मिलने से कई तरह की बीमारियाँ भी लोगो पर हमला करने लगी है। शहर के जागरूक नागरिको का कहना है कि प्रायः हर साल नगर के वाशिन्दो को उम्मीद रहती है कि सरकारो की मेहरबानी से बाजार की महँगाई पर लगाम लगेगी पर दुर्भाग्य उनकी आशा पूरी नही हो रही है और महँगाई की आग में झुलसते हुए उन्हे बच्चो को पढ़ानें, घरो में शादियाँ करने, मेहमानो की आव भगत करने, त्यौहार मनाने और किसी तरह अपनी पोजीशन सुरक्षित रखने मजबूर होना पड़ रहा है। किंतु शहर के अधिकतर घर ऐसे है, जिनमें पिछले दरबाजों से बीमारियाँ प्रवेश करती रहती है। इन बीमारियों में से कुछ ऐसी है जिनके नाम पहले कभी नही सुने गए थें और इनके फैलने की स्थिति में डाक्टर तो मजे मे है। मगर इन बीमारियो का इलाज महँगा होने से लोग हलाकान हो रहे है। गौरतलब है कि लोगों को उम्मीद थी कि शायद जिस प्रकार से बीते हुये वर्षो में जिस तरह नई अनेक प्रकार की बीमारियों का प्रकोप देखा जा रहा था उसमें आ रही थी उससे लोग राहत महसूस कर रहे थें मगर के बाद नई नई अन्य मौसमी बीमारियाँ बढ़नें से इन दिनों शहरवासी चिंतित होते चले जा रहे है और सड़कों पर दमकते चेहरे कम ही नजर आ रहे है। शहर के अधिकतर निवासियों का कहना है कि वर्तमान में यह अजीब दौर चल रहा है। जिसमें न भाग्य साथ दे रहा है और न ही मौसम, हालात अनुकूल रह गए है और जिंदगियाँ समस्याओं की जकड़ में है और गरीब तो गृहस्थी की गाड़ी आगे खींचने में असमर्थ होते जा रहे है। जिसको लेकर शहरवासियो का कहना है कि गर्मी का मौसम अपने आने की आहट देते हुये दिखाई देने लगा है। मगर इस समय दो दिन ठंड व दो दिन गर्मी वाला मौसम बीमारियों को इजाफा करने से नही चूक रहा है। अब महँगाई, बीमारियों ने गठ बंधन कर घरो का बजट बिगाड़नें की स्थिति पर शायद अंकुश लग पायेगा। जिससे अहसास हो रहा है कि ठंड का मन भावन मौसम का रंग भी इस वर्ष फीका रहा। क्योंकि बीते हुये कुछ साल पहले जब कोरोना महामारी की दस्तक के बाद लॉक डाउन के चलते दुकाने से लेकर परिवहन बंद होने की स्थिति में मंहगाई में लगातार बढ़ोत्तरी होते हुये देखी गई थी। क्योंकि जहां जरूरी सामग्री का निर्माण करने वाले फैक्ट्रियाँ बंद हो गई थी और माल का परिवहन नही हो रहा था उस दौरान महंगाई में इजाफा होना लोगों द्वारा स्वीकार कर लिया गया था। मगर हैरत करने बाली बात तो यह है कि जब सब कुछ सामान्य स्थिति में पहुंच गया वही दूसरी ओर किसानों का सोयाबीन सहित अन्य सामग्री कम दामों पर विक्रय हो रही है तो फिर जरूरी सामग्री के बढ़े हुये दामों को कोई गिराबट न आना निश्चित तौर से अनेक सबाल खड़े करने से नही चूक रही है? क्योंकि कोरोना काल में हर वस्तु के बढ़े हुये दामों तो समझ में आते है मगर इसके सब कुछ ठीक होने के बाद भी हर वस्तु उस समय से भी बढ़कर मिलना यह सरकार की उदासीनता को उजागर करते हुये जान पड़ रही है।

## शहीद नगरी की यातायात व्यवस्था में नही किये जा रहे सुधार के कोई प्रयास...

हरिभूमि न्यूज/चीचली।

यातायात व्यवस्था सुधारने से लेकर लोगों को कानून का पाठ पढ़ाने के लिये आये दिन पुलिस को क्षेत्र की सड़को पर अपने हाथों में एक डायरी रूपी कट्टा रखे हुये चालानी प्रक्रिया को अंजाम देते हुये देखा जा सकता है। मगर इस समय जिस प्रकार से चीचली नगर के अंदर जो यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है उस ओर चीचली पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा



रहा है कि जहां नगरवासियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर महिलाओं को नगर के अंदर की सड़को से निकलना मुश्किल हो चुका है..? क्योंकि इस समय नगर के बाजार क्षेत्र की मुख्य सड़क पूर्णरूप से वाहन स्टेन्ड के रूप में नजर आने से नही चूक पा रही है। क्योंकि जिस प्रकार से वाहन मालिको द्वारा अपने वाहनों को मुख्य सड़क सहित लोगों के घरों के सामने खड़े किये जा रहे है उसके चलते नगर की सड़को से वाहन निकलने की बात तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो चुका है, वही दूसरी ओर जिस प्रकार से लोगों के घरों के सामने वाहन खड़े किये जा रहे है उसके चलते आये दिन विवाद की स्थिति पैदा होने से भी नही चूक पा रही है..? मगर यातायात में सुधार लाने के नाम पर चालानी कार्यवाही में मस्त रहने वाली चीचली पुलिस द्वारा इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है ।

## खबर संक्षेप

### 40 बहनों ने मिलजुलकर सफाई अभियान में हिस्सा लेकर दलसागर घाट व हनुमान घाट में श्रमदान किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से आज सम्पूर्ण भारत में नहीं, बल्कि विश्व में जल को स्वच्छ करने का कार्य किया गया सिवनी में लगभग 60 महात्मा एवं 40 बहनो ने मिलजुलकर यह सफाई अभियान में हिस्सा लेकर दलसागर घाट व हनुमान घाट , सिवनी में अपना श्रमदान किया समस्त प्रशासन, नगर पालिका सी एम ओ विशाल कुमार मर्सकोल एवं वहाँ के नागरिको ने यह कार्य में पूर्ण योगदान दिया सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के आशीर्वाद से मानवता के यह महान पुण्य कार्य स्वच्छ जल स्वच्छ मन के साथ सन्देश दिया कि जिस प्रकार हमे स्वच्छ जल का उपयोग करके सारी गन्दगी की सफाई होती है उसी प्रकार स्वच्छ मन में इस परम पिता परमात्मा का वास होता है आज प्रदुषण के कारन पानी के कुंड लगभग ख़तम होती जा रही है। इसी जागरूकता के साथ पानी बचेगा तो हम बचेंगे का वाक्य पूर्ण करने हेतु सभी से अपील की गयी है की पानी बहुत महत्वपूर्ण है इससे कम से कम खर्च करे तथा इसकी साफ़ सफाई का ध्यान हमे हर हाल में रखना है।

### मुक्केबाजी में प्रीत साहू ने चमकाया सिवनी का नाम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खेलों के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत जब रंग लाती है, तो सफलता का शोर पूरे जिले में सुनाई देता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है उदय पब्लिक स्कूल के होनहार मुक्केबाज प्रीत साहू ने। भोपाल में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 की राज्य स्तरीय बॉक्सिंग स्पर्धा में प्रीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राघवेन्द्र ठाकुर ने प्रीत साहू को पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने प्रीत के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा प्रीत की यह सफलता केवल उसकी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि यह हमारे पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढने का प्रोत्साहन मिलेगा। मार्शल आर्ट का गढ़ बनता उदय पब्लिक स्कूल खेल प्रशिक्षक सोहन लाल सेन ने विद्यालय की खेल उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहाँ वर्ष भर मार्शल आर्ट का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें बॉक्सिंग और वूशु तकनीक और शक्ति का संगम आत्मरक्षा बालिकाओं को विशेष रूप से आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाते हैं।

# पेंच टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को जुगनी बाघिन अपने चार शावकों के साथ दिखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी स्थित पेंच टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को जुगनी बाघिन अपने चार शावकों के साथ दिखी। बाघिन और उसके शावक खुले रास्ते पर चहलकदमी करते नजर आए, जिससे पर्यटकों में उत्सुकता बढ़ गई। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पेंच नेशनल पार्क में देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक बाघों को देखने आते हैं।



सफारी के दौरान, जब पर्यटकों की जिप्सी एक वन मार्ग से गुजर रही थी, तभी जुगनी बाघिन अपने चार शावकों के साथ कच्ची सड़क पार कर जंगल की ओर बढ़ती दिखी।

यह दृश्य पर्यटकों के लिए एक विशेष अनुभव रहा।पेंच नेशनल पार्क मध्य प्रदेश के सिवनी और छिंदवाड़ा जिलों में स्थित है, जिसका कुछ हिस्सा महाराष्ट्र के नागपुर जिले तक फैला हुआ है। पेंच नदी के नाम पर इस उद्यान को वर्ष 1975 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला था, जिसके बाद इसे टाइगर रिजर्व घोषित किया गया । यह अभयारण्य अपने घने जंगलों, हरे-भरे घास के मैदानों और पहाड़ियों के लिए प्रसिद्ध है।पेंच टाइगर रिजर्व को विश्वप्रसिद्ध लेखक रुडयार्ड किपलिंग की 'द जंगल बुक' से प्रेरित जंगल भी माना जाता है। यहां बाघ और तेंदुए के अतिरिक्त भालू, जंगली कुत्ता, चीतल, सांभर, नीलगाय और गौर जैसे कई वन्यजीव पाए जाते हैं। पार्क में पक्षियों की 250 से अधिक प्रजातियां भी दर्ज की गई हैं, जो इसे पक्षी प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण बनाती हैं।पर्यटन की दृष्टि से पेंच नेशनल पार्क का विशेष महत्व है। यहां जीप सफारी और हाथी सफारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अक्टूबर से जून तक का समय भ्रमण के लिए उपयुक्त माना जाता है। पेंच टाइगर रिजर्व वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

्ले के किंदरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बख्सी ग्राम के पास शनिवार देर रात सडक़ हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार कुलदीप यादव (23) पिता इंदल यादव, की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने वाला वाहन घटनास्थल से फरार हो गया। सूचना मिलने पर किंदरई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। टक्कर मारकर वाहन चालक फरार हो गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने वाला वाहन बिना रुके मौके से भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों की जानकारी के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फरार वाहन तथा उसके चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।यह दुर्घटना ऐसे स्थान पर हुई जहां दिन-रात वाहनों और लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। हादसे के कारण कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र राजपूत ने बताया कि सडक़ हादसे में बाइक चालक की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच की है और फरार वाहन व उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, तेज गति से वाहन न चलाएं और सावधानी बरतें। पुलिस का कहना है कि लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण ही अधिकांश सडक़ हादसे होते हैं, और जागरूकता के बावजूद लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

# ट्रांसफार्मर जलने से बढ़ी समस्या, रबी फसलें सिंचाई के अभाव में सूखने की कगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के गोपालगंज विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम बड़झिर के दर्जनों किसान 6 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से आक्रोशित होकर केंद्र पहुंचे और लिखित आवेदन सौंपा। किसानों का कहना है कि लगातार बिजली न मिलने से गेहूं सहित अन्य रबी फसलें सिंचाई के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों ने बताया कि बीते दिनों खराब ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन लाइट चालू करते ही वह भी जल गया। इससे समस्या और गंभीर हो गई है। खेतों में पानी न पहुंच



पाने से फसलें बर्बाद होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसानों की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ती जा रही हैं।

गुरुवार को जनपद उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान गोपालगंज विद्युत वितरण केंद्र पहुंचे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई और फसल नुकसान का आकलन कर मुआवजा नहीं दिया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस संबंध में विद्युत वितरण केंद्र के सहायक यंत्री जगदीश परिहार ने आश्वासन दिया कि आज शाम तक नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी और भविष्य में ऐसी समस्या नहीं आने दी जाएगी। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# प्राकृतिक रंग गुलाल के साथ मनाए प्राकृतिक होली

(लखनादौन)। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत आयोजित अतिरिक्त संपर्क कक्षा में उपस्थित छात्रों को ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में,जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला छपारा ब्लॉक समन्वयक अनिल चौरे की उपस्थिति में छात्रों को अक्षय कालोखे (यूनिकम रेमेडी लिमिटेड कंपनी )के द्वारा छात्रों को नाड़ी देखने की कला के साथ प्राकृतिक चिकित्सा से इलाज करने की जानकारी देते हुए छात्रों को अपनी कंपनी में 8000 रुपए प्रतिमाह पर इंटर्नशिप के लिए आने की सलाह दी।
इसके साथ ही आरोग्य समाधान फूड प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड शाजापुर के द्वारा मां धर्मा लॉन में एम. डी. सी. के.चौबे,प्रशिक्षक निकेश कुल्हाड़े ओर चंद्रप्रकाश कुल्हाड़े के साथ दुर्गेश यादव (ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कपारगढ़), सीएमसीडीएलपी केभूतपूर्व छात्र संतोष कुमार राय के सहयोग से छात्रों को स्वरोजगार से जोडने हेतु प्राकृतिक रूप से गुलाल बनाने ओर गोबर के प्रॉडक्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया जिसमें मां धर्मा लॉन के संचालक मुकेश कुमार गोल्हानी का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में सीएमसीडीएलपी के सभी छात्र,प्रस्फुटन समितियां,सभी मेंटर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा,एवं आगामी होली पर्व में प्राकृतिक रंग गुलाल बनाकर उस से त्यौहार मनाने की सलाह के साथ,रोजगार मूलक प्रशिक्षण की जानकारी देना रहा।

# अफरा-तफरी के बीच विभाग ने दी स्पष्ट जानकारी, पात्र किसानों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी/कुरई। आदिवासी बाहुल्य विकासखंड कुरई में तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रमाणित मूंगफली बीज का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। योजना की जानकारी मिलते ही दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में किसान कृषि विस्तार कार्यालय कुरई पहुंच गए, जिससे कार्यालय परिसर में भीड़ की स्थिति निर्मित हो गई।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस बल एवं विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीओ पवन कुमार गौरव ने किसानों को समझाइश देते हुए बताया कि शासन की मंशा तिलहन उत्पादन बढ़ाने की है और योजना का लाभ केवल पात्र किसानों को नियमानुसार दिया जाएगा। विभाग द्वारा सभी किसानों को एक साथ नहीं बुलाया गया था, लेकिन सूचना फैलने से एक साथ भीड़ एकत्रित हो गई।

### 500 हेक्टेयर का लक्ष्य, 600 बैग होंगे वितरित

डीडीए सुधीर धुर्वे ने बताया कि



विकासखंड में लगभग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंगफली बोवनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रति किसान एक बैग (30 किलो) प्रमाणित बीज दिया जाएगा। कुल 600 बैग कुरई विकासखंड में वितरित किए जाने हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब बीज वितरण सभी बिकास खंड में सोमवार से सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा, ताकि पात्र किसानों को बिना परेशानी लाभ मिल सके।

किसानों ने लगाए आरोप

ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि गुरुवार को असिंचित भूमि वाले किसानों को भी बीज वितरित किया गया, जबकि शुक्रवार को मुख्यालय पहुंचे किसानों से संचित भूमि का सत्यापन एवं खसरा रकबा प्रमाणित कराकर लाने की बात कही गई। कई किसान 20-30 किलोमीटर दूर से आए थे, जिन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। किसानों का कहना है कि यदि पहले से स्पष्ट सूचना दी जाती तो उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। इस दौरान कृषक थान सिंह पटले, भीख लाल चौधरी, शिव सिंह बघेल, प्रेमलाल परिहार, बारेलाल मरावी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी घंसौर मंडल का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

भारतीय जनता पार्टी के घंसौर मंडल का प्रतिनिधि मंडल सिवनी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन से मिला।
इस अवसर पर जिला महामंत्री गजानन पंचेश्वर, जयदीप सिंह चौहान, जिला मंत्री पीयूष दुबे एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके भी उपस्थित रहीं।
बैठक में घंसौर मंडल में संचालित संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। आगामी दिनों में आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया तथा मंडल स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने की




रूपरेखा तय की गई।
प्रतिनिधि मंडल में देवेन्द्र जैन (जिला कार्यसमिति सदस्य), प्रमोद पटेल (जिला मंत्री), रमाकांत चोकसे (पूर्व मंडल महामंत्री), झामसिंग राजपूत (पूर्व मंडल उपाध्यक्ष), पुरषोत्तम गुमास्ता (मंडल उपाध्यक्ष), मुकेश तिवारी (पूर्व मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा), विजय तिवारी (पूर्व मंडल महामंत्री), रामकिशन यादव (मंडल उपाध्यक्ष), कोकलाल यादव (प्रदेश सचिव यादव महासभा), राजा तिवारी (जनपद सदस्य), श्रीमती सरस्वती वंस्कार (पूर्व जनपद सदस्य), श्रीमती इंदिरा नाग ज्योति (पूर्व मंडल मंत्री), श्रीमती पिंकी राजपूत (मंडल उपाध्यक्ष), दुलारे ठाकुर (बूथ अध्यक्ष), परम विश्वकर्मा (पूर्व मंत्री), राजेश यादव (मंडल उपाध्यक्ष), सुरेन्द्र यादव (पूर्व मंडल महामंत्री), राकेश रजक (बूथ अध्यक्ष), गोविंद पटेल (मंडल मंत्री), महेन्द्र ग्रीयाम (मंडल अध्यक्ष एससी मोर्चा), जितेन्द्र नेमा (जिला मंत्री युवा मोर्चा), रामदयाल इरचाम (मंडल मंत्री), शिवेंद्र तिवारी (मंडल मंत्री), आदित्य तिवारी (मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा), जितेन्द्र उईके (बूथ अध्यक्ष), संजय पटेल एवं निर्मल यादव (बूथ अध्यक्ष) सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने कांबिंग गश्त में 53 वारंटी को गिरफ्तार कर 81 निगरानी/ गुंडा बदमाश चेक किया

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के द्वारा दिनांक 21-22 फरवरी 2026 की मध्य रात्रि में जिले के समस्त थाना /चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु नाईट काम्बिंग ऑपरेशन आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में दिनॉक 22-02-26 की रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकदीपक मिश्रा के नेतृत्व में समस्त थाना चौकी



प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी,जिसके सार्थक परिणाम निकले। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभावी नाइट कांबिंग गश्त हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि कांबिंग गश्त में सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित 94 का पुलिस बल कांबिंग गश्त में शामिल रहा। रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान जिले में 11 स्थाई वारंट, 42 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, इसके साथ ही 81 निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश/ सस्पेक्ट को चेक किया गया। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज,धार्मिक स्थलों एवं 180 से अधिक संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

# ब्रह्म हत्या वैसे तो अपने जीवन मे किसी की भी हत्या नहीं करनी चाहिए

सिवनी- ब्रम्हहत्या, आभक्ष्या-भक्ष्य, स्वर्ण चोरी, व्यभिचार, और इनका साथ देने वाला।द्वारकाधीश मन्दिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि पाँच महा पाप ऐसे होते हैं जिनका प्रायश्चित भी नहीं होता है, ब्रह्म हत्या वैसे तो अपने जीवन मे किसी की भी हत्या नहीं करनी चाहिए मगर ब्राह्मण हत्या तो ब बिल्कुल भी नही करना चाहिए ये महापाप है, किसी भी प्रकार का आभक्ष्य-भक्ष्य याने ऐसा दूषित पदार्थ या पेय पदार्थ नही खाना पीना चाहिए जिसका की सनातन धर्म मे मनाही है जिसमें शराब बिल्कुल नहीं पीना चाहिए कथा व्यास पीठ पर विराजे ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी ने कहा कि वैसे तो कोई भी चोरी नहीं करना चाहिए मगर स्वर्ण चोरी बिल्कुल नहीं करना चाहिए। व्यभिचार, दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए, गुरु पत्नी गमन बिल्कल नहीं करना चाहिए, पांचवा पाप के बारे में बताया कि जो ये चार पाप कर रहा उसका साथ देने वाल ये पांचवा पाप है इसीलिए इस महापापों से वचना चाहिये। इन पांच पापों से बचकर जो भगवान का ध्यान, स्मरण करता है, उसी का उद्धार होता है।

## कोतवाली पुलिस ने चाकूबाजी करने वाले को भेजा जेल

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अपराधों की रोकथाम के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा महाशिवरात्री पर्व के दौरान हुये विवाद को लेकर प्राणघातक हमला करने वाला 01 विधि उल्लघंन कारी बालक को कोतवाली पुलिस ने पकडा। उल्लेखनीय है कि दिनांक 15/02/2026 को प्रार्थी आनंद पिता पूनम चंद विश्वकर्मा निवासी आजाद वार्ड सिवनी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 15/02/2026 की रात्रि करीबन 09/00 बजे विधि उल्लघंन कारी बालक के द्वारा पुरानी रंजिस के चलते महाशिवरात्री पर्व मे रात्रि रैली के दौरान भीड का फायदा उठाकर आहत बालक अनुभव विश्वकर्मा पिता विवेक विश्वकर्मा निवासी आजाद वार्ड को चाकू से प्राणघातक हमला कर गंभीर रुप से घायल करने पर विधि उल्लघंन कारी बालक के विरुध्द धारा 115(2), 118(1), 109 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया एवं तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर विधि उल्लघंन कारी बालक की तलाश पतासाजी कर पकडा गया। पकड़े गये विधि उल्लघंन कारी बालक को गिरफ्तार कर विधि उल्लघंन कारी बालक को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहां माननीय न्यायालय द्वारा विधि उल्लघंन कारी बालक को बाल सुधार गृह सिवनी भेजा गया है। अभिरक्षा में लिया गया-01 विधि उल्लघंन कारी बालक इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, उपनिरी. डालचंद ग्यारसिया, प्र. आर. मनोज पाल, मुकेश गोडाने, आर. सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दूबे, प्रतीक बघेल एवं चालक इरफान और थाना प्रभारी डूण्डासिवनी चैनसिंह उइके व स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# घंसौर के रविंद्र परते को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

क्षेत्र के पूर्व जनपद अध्यक्ष रविंद्र परते को भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर घंसौर सहित पूरे अंचल में हर्ष का माहौल है। पार्टी संगठन द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।
रविंद्र परते लंबे समय से संगठन और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। जनपद अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और संगठन को मजबूत करने



में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके अनुभव और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी है।
उनके मनोनयन की खबर मिलते ही समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण देखा गया। अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास जताया कि वे प्रदेश स्तर पर अनुसूचित जनजाति वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाएंगे।
रविंद्र परते ने इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। घंसौर क्षेत्र के लिए यह नियुक्ति न केवल सम्मान का विषय है, बल्कि जनजातीय समाज के सशक्त प्रतिनिधित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी माना जा रहा है।

## युवा ऊर्जा के साथ विकास को मिलेगी नई रफ्तार

# घंसौर को मिले नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आकाश जैन संभालेंगे कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

जनपद पंचायत घंसौर में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। प्राप्त आधिकारिक पत्र के अनुसार उल्लेखित अधिकारी आकाश जैन को घंसौर का नया मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। सूचना के साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीदें जागृत हो गई हैं।
शासन द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट रूप से आकाश जैन का नाम घंसौर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में दर्ज है। आदेश के बाद स्थानीय प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है

### विकास कार्यों को मिलेगी गति

घंसौर जनपद पंचायत क्षेत्र में इन दिनों विभिन्न निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। ग्रामीण सडक़ों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अब आकाश जैन के कंधों पर होगी। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का सही क्रियान्वयन,




हितग्राहियों को समय पर लाभ और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण उनकी कार्यशैली का प्रमुख हिस्सा रहेगा। जनपद स्तर पर फाइलों के लंबित रहने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी शिकायतों पर भी सख्त नजर रखी जाएगी।
घंसौर क्षेत्र में विकास कार्यों के सुचारु संचालन के लिए जनपद सदस्यों, सरपंचों और सचिवों के साथ बेहतर तालमेल आवश्यक है। आकाश जैन से अपेक्षा की जा रही है कि वे जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें कर विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे और जमीनी स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### जनता की बढ़ी उम्मीदें

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि घंसौर जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़ और रोजगार से जुड़े मुद्दे लंबे समय से प्राथमिकता की मांग कर रहे हैं। ऐसे में नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में आकाश जैन की नियुक्ति को सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

### प्रशासनिक सख्ती के संकेत

आदेश जारी होते ही यह संकेत मिल रहे हैं कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन की योजनाओं में अनियमितता या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आकाश जैन के नेतृत्व में जनपद पंचायत घंसौर में कार्य संस्कृति में सुधार और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली को बढ़ावा मिलने की संभावना है। कुल मिलाकर, घंसौर जनपद पंचायत को नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में आकाश जैन का नेतृत्व मिला है। अब देखना होगा कि वे अपनी प्रशासनिक क्षमता, पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से क्षेत्र के विकास को किस प्रकार नई दिशा और गति प्रदान करते हैं। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और आने वाले समय में उनके कार्यों की झलक जमीन पर दिखाई देगी।

**खबर संक्षेप**

### जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर में विकलांग शिविर कार्यक्रम संपन्न



**अमरपुर।** जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर में विकलांग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित विकलांग शिविर में जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायतों से विकलांगों को ग्राम पंचायत में पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा लाकर पंजीयन कराया गया। जहां पर डांण रमेश सिंह मरावी डांण अजय राज डां मिनी मौर्वी डांण प्रकाश ठाकुर आदि की मौजूदगी में विकलांग शिविर कार्यक्रम सफल हुआ। जानकारी के अनुसार विकलांग शिविर में कुल 155 पंजीयन हुआ। जिसमें 28 पात्र नवीन प्रमाण पत्र वहीं 34 यूडीआईडीए 48 पेंशन प्रकरणए 17 उपकरण पंजीयन एवं 30 उपचार हेतु रिफर किया गया हैं। इस तरह से शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्राप्त हुआ।

### शहपुरा जनपद पंचायत में समर्पण सेवा अभियान के तहत दिव्यांग एवं वरिष्ठजन शिविर आयोजित



**डिंडौरी।** जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में समर्पण सेवा अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत शहपुराए जिला डिंडौरी में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।शिविर में कुल 138 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इस दौरान 35 हितग्राहियों के मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए गए तथा 30 हितग्राहियों के यूडीआईडी कार्ड तैयार किए गए। इसके अलावा 46 नए पेंशन प्रकरण दर्ज किए गए और 39 पेंशन संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया।कार्यक्रम में 10 हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाने हेतु चिन्हित किया गया तथा 18 हितग्राहियों को आवश्यक चिकित्सीय जांच के लिए संदर्भित किया गया। वहीं 2 दिव्यांगजनों को मौके पर ही सहायक उपकरण वितरित किए गए।शिविर में आयुष विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को औषधियों का वितरण कर स्वस्थ जीवनशैलीए संतुलित आहार.विहार एवं दैनिक दिनचर्या संबंधी परामर्श भी दिया गयाए ताकि वे बेहतर स्वास्थ्य के साथ आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मोए सिविल सर्जन डॉण रमेश मरावीए जिला चिकित्सालय मेडिकल बोर्ड के सदस्यए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के जिला समन्वयक ब्रजमोहन भारतीयाए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजेश बैगा डीडीआरसी के अधिकारी.कर्मचारी तथा जनपद पंचायत के बीपीओ छतर सिंह मार्को सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।शिविर का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया गया और हितग्राहियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### परीक्षा केंद्र में सामूहिक नकल का आरोप

**अनूपपुर।** जिले के अंतर्गत स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लतार को बनाए गए परीक्षा केंद्र में सामूहिक नकल कराए जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। इस संबंध में ग्राम लतार निवासी सोमेश्वर नारायण पाठक ने लिखित शिकायत प्रस्तुत कर प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# जनादेश का अपमान बर्दाश्त नहीं, मंत्री को तत्काल हटाएं मुख्यमंत्री : श्याम पंजवानी

**मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ कथित अमर्यादित भाषा के प्रयोग को लेकर आज बालाघाट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।



शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मंत्री का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्री से सार्वजनिक माफी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा, "प्रदेश की 7 करोड़ 30 लाख जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बैठाया है और कांग्रेस को विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। विपक्ष का दायित्व है कि वह सदन की गरिमा बनाए रखते हुए सरकार के भ्रष्टाचार, गलत नीतियों और जनविरोधी निर्णयों को उजागर करे। हम लोकतांत्रिक परंपराओं के तहत अपनी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन मंत्री द्वारा बौखलाहट में दिए जा रहे अनर्गल और अमर्यादित बयान इस बात का संकेत हैं कि सरकार तथ्यात्मक जवाब देने में असफल हो रही है। यह केवल नेता प्रतिपक्ष का ही नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के जनादेश का भी अपमान है।" युवक कांग्रेस अध्यक्ष शिवम विश्वकर्मा ने कहा, "आज प्रदेश का युवा महंगाई, बेरोजगारी और भविष्य की अनिश्चितता से जूझ रहा है। ऐसे समय में सरकार को जवाबदेह होने के बजाय विपक्ष पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मंत्री को युवाओं के मुद्दों पर बात करनी चाहिए, न कि सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का प्रयोग करना चाहिए। यह बड़बोलापन और अहंकार लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है।" सेवादल अध्यक्ष जीतू बर्वे ने अपने वक्तव्य में कहा, "जनप्रतिनिधि का आचरण समाज के लिए उदाहरण होता है। विधानसभा जैसे गरिमामय मंच पर संयम, शालीनता और मर्यादा अपेक्षित है। यदि मंत्री स्वयं इन मूल्यों का पालन नहीं करेंगे तो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी इस तरह की असंसदीय भाषा और व्यवहार का कड़ा विरोध करती है।" महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी बगाडे ने कहा, "महिलाएं और समाज का हर वर्ग जनप्रतिनिधियों से संतुलित और जिम्मेदार भाषा की अपेक्षा करता है। जिस प्रकार की टिप्पणी की गई है, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। हम मांग करते हैं कि मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और भविष्य में ऐसी भाषा के प्रयोग से बचें।" प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि माफी नहीं मांगी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।प्रदर्शन में प्रमुख रूप से श्याम पंजवानी, लक्ष्मी वाघाडे , अनिल सोनी, जीतू बर्वे, शिवम विश्वकर्मा, अनिल बनोटे, उषा मिश्रा, जुवैदा अंसारी,प्रवीण मदनकर, प्रकाश मदन कर, शानू राय, राजू यादव, उर्मिला जी, शीला नागपुरे, दुर्गा वरकड़े,दीपक बघेल, सौरभ चौहान, चंद्रेश दशहरे, राहुल बीरंबार, अंकितबिसेन, मयूर ऊईके,सुनील बनारे, प्रवीण घरड़े, राजू राय, रघु सिंगार, जुगल किशोरी, साहिल विश्वकर्मा, चंदू उइके, राहुल बिरनावार, शाकिर बिसेन, सुमित उइके, देव उइके, सारंग विश्वकर्मा, डी. के. श्रीवास, मयूर उइके, देवेंद्र दमोह, सोनू विश्वकर्मा, डी के मेश्राम , मिथुन सोलखे, विकास निकोंसे, मुकेश रंनगिरे, जितेंद्र पटले , राजा कोरी ,बगलेश लिल्हारे,राजेंद्र मोहारे ,शैलेश टेभरे, मोंटू बिसेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अल्लाह की रज़ा के लिए 5 वर्ष की रिफद ने रखा पहला रोजा

**कटंगी।** रमजान के मुबारक महीने के चौथे दिन कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी अकील अंसारी की 05 वर्षीय बेटी ने रविवार को अपना पहला रोजा रखकर खुदा की इबादत की। रिफत ने अपना पहला रोजा रखकर अपने परिवार को भी चौंका दिया। पांच वर्षीय रिफत अंसारी ने रोजा रखकर नेक दिली का सबूत दिया। परिजनों ने बताया रिफत ने अल सुबह उठकर रोजे की तैयारी की, कुरान-ए-पाक की तिलावत की, और अल्लाह की इबादत का तरीका सीखा। शाम को इफ्तार के वक्त उसने अपना पहला रोजा मुकम्मल किया। दिल से पक्का इरादा करते हुए नन्हीं रिफद ने अल्लाह की रज़ा के लिए अपना पहला रोजा रखा। रिफद के घर पर दादी मम्मी, बड़ी मम्मी चाचा और चाची सभी रोज़ा रखते हैं और नमाज अदा करते है। उसने भी रोज़ा रखकर अल्लाह तआला का शुक्र अदा किया। रिफत ने पूरे दिन धैर्य से रोजा रखा और इफ्तार के समय दुआ की। महज 05 वर्ष की उम्र में रोजा रखने से परिवार और समाज में उत्साह का माहौल है। रिफत की इस जिद और ईमान ने सबको दिखा दिया है कि इबादत की कोई उम्र नहीं होती। बता दें कि रमजान का महीना अल्लाह की इबादत के साथ-साथ दूसरों के लिए दुआ करना और समाज में मोहब्बत और अमन फैलाने का संदेश देता है।

## पी एमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटे के छात्रों को कराया गया परिचयात्मक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।



विकासखंड-किरनापुर, के अंतर्गत पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटे के प्रभारी प्राचार्य एस. के. पटले के मार्गदर्शन मे विद्यालय के कुल 180 छात्र-छात्राओं एवं 20 शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा "बिरसी विमानतल", गोंदिया (महाराष्ट्र) का "परिचयात्मक भ्रमण" किया गया। सभी छात्रों को प्रातःकाल 7:30 बजे तीन बसों द्वारा विद्यालय से प्रस्थान करवाया गया । सर्वप्रथम रूक्मणी मंदिर कोरनी घाट रजेगांव में मंदिर दर्शन कराया गया। इसके उपरांत संत लहरी बाबा आश्रम, कामठा (महाराष्ट्र) पहुँचकर सभी छात्रों को स्वल्पाहार में पोहा एवं केला प्रदान कर उक्त धार्मिक स्थल का भ्रमण करवाया गया । जहां छात्रों ने मंदिर परिसर में शिवलिंग और अनेकों मूर्तियों के दर्शन कर अपने उज्ज्वल भविष्य की दुआएं मांगी ,और आनंद लिया।तत्पश्चात बिरसी विमानतल पहुंचकर समस्त छात्रों को वहाँ उपस्थित हवाईअड्डा-प्रबंधक द्वारा आगमन एवं प्रस्थान क्षेत्र, हवाईअड्डे की कार्यप्रणाली एवं वैमानिकी क्षेत्र मे करियर बनाने संबंधी अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई। उक्त स्थल पर छात्रों द्वारा प्रशिक्षु-पाइलेट, हवाई-विमानों एवं हवाईअड्डे काअवलोकन किया गया। अंततः सभी छात्रों को आश्रम पहुँचकर रुचिकर भोजन प्रदान किया गया एवं वापस विद्यालय हेतु प्रस्थान करवाया गया। विद्यालय पहुंचकर समस्त छात्रों को उनके ग्रहस्थल हेतु भिजवाया गया । उक्त भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक श्री डी. लिल्हारे , ए. वरकडे , शिखा चौकसे , सी.पी. राहंगडाले , पी. करहारी , समीर चौरे , सुश्री समता सिंह , सुश्री वंदना नरगावे , एम.ए. कुरैशी , एन. के. बिसेन , टी. राहंगडाले , श्री सिल्हारे , उमेश नागवंशी , डी. कुशराहे मेडम एवं श सेलोकर सर द्वारा सम्मिलित होकर सक्रिय भूमिका निभाई गई।

## खैरलांजी अस्पताल में कल एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर




हरिभूमि न्यूज़ खैरलांजी।

शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में कल 24 फरवरी मंगलवार को एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा । उक्त निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित परामर्श व उपचार प्रदान कर किया जाएगा और चयनित नेत्र रोगीयो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा जाएगा। यह जानकारी नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन के द्वारा दि गई बताया की एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगीयो की जांच की जाएगी और उचित परामर्श प्रदान करते हुए चयनित नेत्र रोगीयो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा जाएगा । उन्होंनो बताया की विगत दिवस को अस्पताल में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया था जिसमें 48 नेत्र रोगीयो ने ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया जिसमे 29 नेत्र रोगीयो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए भेज गया था।

## बैंक सखी पर राशि का हेरफेर करने का आरोप

कटंगी।



जनपद पंचायत कटंगी के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत मोहगांव में संचालित दीया स्व सहायता समूह की महिलाओं ने केनरा बैंक की बैंक सखी अनीता गभने पर स्व सहायता समूह की राशि में हेरफेर करने का गंभीर आरोप लगाया है। स्व सहायता समूह ने बकायदा विगत दिवस बैंक प्रबंधक से पूरे मामले को लेकर शिकायत करते हुए त्वरित कार्रवाई करने की मांग रखी है। रविवार को दोपहर साढ़े 03 बजे महिलाओं ने पूरे मामले की जानकारी दी। मामला स्व सहायता समूह की राशि बैंक में जमा करने से जुड़ा हुआ है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि 24 अप्रैल 2025 को बैंक सखी को 20 और 30 हजार रूपए की नगदी राशि जमा करने के लिए दी गई थी बैंक सखी के द्वारा 2 हजार की राशि कम जमा करवाई गई। 12 सितंबर 2025 को समूह की महिलाओं ने बैंक सखी को 70 हजार रुपए की राशि जमा करने के लिए दिया परंतु बैंक सखी ने यह राशि समूह के खाते में जमा नहीं की और जब समूह की महिलाओं ने बैंक सखी से जमा पर्ची मांगी तो बैंक सखी आनाकानी करने लगी। जिसके बाद समूह की महिलाओं ने बैंक पहुंचकर खाते का स्टेटमेंट चेक करवाया तो पूरा मामला उजागर हुआ। इस पूरे मामले को लेकर बीते दिनों 12 फरवरी को पंचायत में एक बैठक रखी गई। बैठक में बैंक सखी ने 2 दिन के भीतर राशि वापस देने का भरोसा दिया 2 दिन के बाद जब समूह की महिलाएं राशि वापस मांगने के लिए बैंक सखी के घर पहुंची तो बैंक सखी के द्वारा समूह की महिलाओं को धमकी दी गई।

## कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में उद्योग संवर्धन बैठक संपन्न

डिंडौरी।



जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग संवर्धन संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देनेए एमएसएमई इकाइयों के विस्तार तथा उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन हेतु आवश्यक सुझावों एवं परामर्श पर विचार.विमर्श किया गया। औद्योगिक क्षेत्र चटुवा के विकास को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक अधोसंरचना विकसित करनेए क्षेत्र में पौधारोपण कराने तथा फ्लेक्स.बैनर लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में स्थापित किए जा सकने वाले संभावित उद्योगों की पहचान कर उनकी कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा हुई।मध्य प्रदेश शासन की एमएसएमई विकास नीति एवं प्रोत्साहन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में उपस्थित व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को राज्य शासन की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।जिला स्तर पर उद्योग संचालन में आ रही समस्याओंकृजैसे बाजार उपलब्धताए कच्चे माल की आपूर्तिए परिवहन व्यवस्था तथा उद्यमियों के एक्सपोजर विजिटकृपर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना ;च्डटठत्ल्द्ध के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया।बैठक में उद्यमियों ने औद्योगिक विकास को गति देने के लिए अपने सुझाव रखे और वर्तमान चुनौतियों से अवगत कराया। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समन्वित रूप से कार्य कर समस्याओं के शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारसए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरीए अपर कलेक्टर जेपी यादवए सीडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावीए एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगनए डिप्टी कलेक्टर बैद्यनाथ वासनिकए डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैनए महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती राधिका कुसरो सहित जिले के प्रमुख उद्यमी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, चार वाहन जब्त



**डिंडौरी।** जिला कलेक्टर अजु पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में 20 फरवरी 2026 को खनिज विभाग की टीम ने ग्राम गाड़ासरईए तहसील बजागए थाना गाड़ासरई क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ओवरलोड गिट्टी का परिवहन कर रहे तीन वाहनों को जब्त किया। संबंधित वाहन मालिक रतन गुप्ता के वाहनों को जब्त कर थाना गाड़ासरई में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। इसके अतिरिक्त 21 फरवरी 2026 को बिना नंबर का स्वराज ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाया गया। उक्त वाहन को जब्त कर थाना बजाग में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।